रिलीज होते ही छा गया आलिया भट्ट का म्यूजिक विडियो 'प्राडा'

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट का म्यूजिक विडियो 'प्राडा' रिलीज हो गया। पिछले दिनों से अलिया अपने इस म्यूजिक विडियो को लेकर चर्चा में हैं। इस विडियो में आलिया मशहूर सिंगर-रैपर दूरबीन के साथ नजर आ रही हैं। दूरबीन अपने पिछले सॉन्ग लैम्बर्गिनी से काफी फेमस हो चुके हैं। हाल ही में आलिया ने प्राडा गाने के सिंगर्स के साथ सॉन्ग का फर्स्ट लुक और इसका एक टीजर सोशल मीडिया पर रिलीज किया था। अब आलिया का यह म्यूजिक विडियो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटे के बाद यूट्यूब पर इस डेढ़ लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं।

दूरबीन के साथ इस गाने को श्रेया शर्मा ने गाया है, जो एक नया टैलंट हैं। दूरबीन ने ही इस गाने को लिखा है और इसे कंपोज भी किया है। इस म्यूजिक विडियो में अलिया के साथ दूरबीन भी नजर आ रहे हैं। इसे कोरियॉग्राफ किया है मशहूर कोरियॉग्राफर बोस्को मार्टिस ने। आलिया के सॉन्ग का टीजर रिलीज होने के बाद फैन्स बेसब्री से इस गाने के रिलीज होने का इंतजार कर रहे थे।

बता दें कि कुछ दिन पहले ही आलिया को अपनी बेस्ट फ्रेंड के संगीत में दूरबीन के हिट सॉन्ग लेम्बर्गिनी पर डान्स करते हुए देखा गया था और इसका विडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया था। वैसे आलिया इससे पहले भी अपनी फिल्मों के गाने समझावां और इक कुडी के वर्जन को अपनी आवाज दे चुकी हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया इस समय कई फिल्मों में काम कर रही हैं। वह रणबीर कपूर के साथ ब्रह्मास्त्र, अपने पिता की फिल्म सड़क 2 में काम कर रही हैं। इसके अलावा उनके पास सलमान खान के साथ संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म इंशाअल्लाह और करण जौहर की मल्टी-स्टारर फिल्म तख्त भी है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

दिल के बहुत अच्छे हैं प्रभास, मेरी केयर करते थेः श्रद्धा कपूर

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस श्रद्धा कपूर और साउथ के सुपरस्टार प्रभास की फ्रेश जोड़ी जल्द ही फिल्म साहो में नजर आएगी। फिल्म का उनके फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

श्रद्धा भी खुद प्रभास के साथ काम करने के बाद बेहद खुश हैं। ऐक्ट्रेस जो कि प्रभास के साथ पहली बार किसी फिल्म में नजर आएंगी, भी उनकी तारीफ करते नहीं थक रही हैं। फिल्म के शूटिंग के अनुभवों के बारे में बात करते हुए श्रद्धा ने कहा कि अब तक वह जितने लोगों से मिली हैं, उनमें से प्रभास सबसे अच्छे और सबसे प्यारे लगे। उन्होंने बताया कि ऐक्टर दिल के बहुत अच्छे हैं और वह उनकी और टीम की काफी केयर करते थे।

श्रद्धा ने अपने प्रड्यूसर्स की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रड्यूसर्स हमेशा ऐसा फील कराते थे कि वह यूवी फैमिली का ही हिस्सा हैं। ऐक्ट्रेस ने कहा कि जब वह हैदराबाद में थीं तो उन्हें हमेशा ऐसा ही लगा कि वह घर पर हैं।

बता दें, साहो में श्रद्धा खतरनाक स्टंट करते हुए नजर आएंगी। फिल्म में जैकी श्रॉफ, चंकी पांडे, अरुण विजय, नील नितिन मुकेश और महेश मांजरेकर जैसे ऐक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे। डायरेक्टर सुजीत की यह फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषा में ३० अगस्त २०१९ को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

ऑल वाइट में कटरीना कैफ का गॉरजस अंदाज

कटरीना कैफ बॉलिवुड की सबसे स्टनिंग और टैलेंटेड ऐक्ट्रेसेज में से एक हैं। वह इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'सूर्यवंशी' को लेकर बिजी हैं। लेकिन जब भी मौका मिलता है, कटरीना इंस्टाग्राम पर अपडेट करना नहीं भूलती हैं। सोशल मीडिया पर कटरीना की फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ती जा रही है। इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या 25 मिलियन यानी 2.5 करोड़ से ज्यादा हो गई है। अपने फैन्स से जुड़े रहने के लिए वह अक्सर अपनी तस्वीरें और विडियोज शेयर करती रहती हैं। हाल ही में कटरीना ने अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है, जो वायरल हो रहा है। अपनी हालिया तस्वीर में कटरीना काफी हॉट लग रही हैं। ऑल वाइट ड्रेस में कटरीना काफी गॉरजस दिख रही हैं। इससे पहले जब कटरीना के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या बढ़कर २० मिलियन यानी 2 करोड़ हो गई थी, तब उन्होंने खास विडियो शेयर किया था। इस विडियो में कटरीना कैफ झूमती हुई दिख रही हैं। बता दें कि कटरीना ने साल २०१७ में इंस्टाग्राम पर अकाउंट बनाया था। इससे पहले वह सोशल मीडिया से दूर रहना ही पसंद करती थीं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, कटरीना को आखिरी बार अली अब्बास जफर की फिल्म भारत में नजर आई थीं। इस फिल्म में कटरीना सलमान खान साथ लीड रोल में नजर आई थीं। सलमान और कटरीना के अलावा फिल्म में दिशा पटानी, जैकी श्रॉफ, सुनील ग्रोवर समेत कई और स्टार्स ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कटरीना जल्द ही रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी में नजर आने वाली हैं। अश फिल्म में उन्हें अक्षय कुमार के ऑपोजिट कास्ट किया गया है।